हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

11 मुआवजा नहीं मिला तो सचिवालय गेट पर डटे किसान...



12 14 वार्डों में सफाई संकट खत्म, सनराइज एजेंसी को मिला जिम्मा



## खबर संक्षेप

### सात लाख रुपये की चोरी में दो गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना में हुई लाखों रुपये की हाई-प्रोफाइल चोरी का पर्दाफाश करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने पंजाब नेशनल बैंक के बाहर से स्कूटी की डिग्गी का लॉक तोडक़र सात लाख रुपये चोरी करने वाले दो शातिर अंतरराज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपियों का सुराग लगाकर उन्हें दबोचा। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि 10 जून को गांव कमालवाला निवासी सुरेश कुमार ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी।

### हेरोइन सहित बच्ची को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए फतेहाबाद की टीम ने भिरड़ाना क्षेत्र से एक युवक को 12.39 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान भिरड़ाना निवासी दविन्द्र उर्फ बच्ची के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सदर फतेहाबाद में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक जगत पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम गांव बिसला से भिरड़ाना की ओर गश्त पर थी।

### रेड के बाद पुलिस ने दबोचा मुख्य हथियार तस्कर

**फतेहाबाद।** थाना भट्टू कलां पुलिस ने अवैध पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामदगी के मामले में जांच को आगे बढ़ाते हुए मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए मुख्य आरोपी की पहचान गांव मेहुवाला निवासी अजय उर्फ पोप के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक वीर सिंह ने बताया कि बीती 13 जुलाई को अपराध अनुसंधान शाखा रतिया की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर भट्टू-चोपटा रोड स्थित रेलवे पुल के पास नाकाबंदी की थी। इस दौरान पुलिस ने हरवीर सिंह उर्फ कुकी को काबू किया था।

### लाखों रुपये की हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए ऐलनाबाद पुलिस सिरसा शहर क्षेत्र से एक युवक को लाखों रुपये की 60 ग्राम 93 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी सब संदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान हिमांशु उर्फ लक्की के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त एवं चेकिंग के दौरान मोचियोंवाली गली सिरसा क्षेत्र मे मौजूद थी। इसी दौरान सामने से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। पुलिस की गाड़ी को देखकर युवक अचानक वापस मुड़कर खिसकने का प्रयास करने लगा तो पुलिस टीम ने उसे रोककर पूछताछ की शक के आधार पर तलाशी ली।

# छात्र आंदोलन पर गरमाई सियासत, धरना और नारेबाजी से गूंजा लघु सचिवालय

## कांग्रेस और वकीलों का प्रदर्शन, छात्रों पर लाठीचार्ज का विरोध






**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय पर प्रदर्शन करते कांग्रेसी तथा न्यायिक परिसर के बाहर प्रदर्शन करते वकील। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

लघु सचिवालय में वीरवार का दिन धरने-प्रदर्शनों के बीच नारेबाजी के नाम रहा। जिला कांग्रेस और बार एसोसिएशन ने दिल्ली में जंतर-मंतर पर छात्रों पर लाठीचार्ज व मांगे न माने जाने पर प्रदर्शन किया तो ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने सरकार द्वारा मानी गई मांगों को लागू न करने से खफा होकर लघु सचिवालय के बाहर धरना लगाए रखा। उधर, खराब फसलों का मुआवजा न मिलने पर गांव दैयड़ के किसानों ने भी लघु सचिवालय पर पहुंचे और अपनी मांग आज ही मनवाने को लेकर लघु सचिवालय के गेट पर धरने पर बैठ गए। पूरा दिन सचिवालय व न्यायिक परिसर के बाहर नारेबाजी होती रही। फतेहाबाद में जिला कांग्रेस कमेटी ने लघु सचिवालय के बाहर जोरदार रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद शर्मा ने किया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा और जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कथित लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले दागने तथा कांग्रेस नेताओं के साथ हुई बदसलूकी की निंदा की। प्रदर्शन में विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिल्लांखेड़ा, गुलबहार सिंह एडवोकेट, जयपाल लाली, मंगतराम लालवास, सतबीर भूथन, सुरेंद्र वर्तिया, परमजीत कौर, संजय ठरवां समेत जिले के विभिन्न ब्लॉकों के कांग्रेस पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

### छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में युवा इनेलो व आईएसओ आज फतेहाबाद में करेगी प्रदर्शन

**फतेहाबाद।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर 20 जुलाई को हुए बर्बर लाठीचार्ज और छात्राओं के साथ हुई अभद्रता के विरोध में युवा इनेलो और आईएसओ द्वारा 24 जुलाई शुक्रवार को फतेहाबाद में रोष प्रदर्शन किया जाएगा। इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला के दिशा-निर्देशों के तहत यह प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। जिला मीडिया प्रभारी अमन शर्मा ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन में जिलेभर से पार्टी पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता और छात्र बड़ी संख्या में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि 24 जुलाई को प्रातः 11 बजे सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता फतेहाबाद की जाट धर्मशाला में एकत्रित होंगे। वहां से रोष मार्च निकालते हुए प्रदर्शनकारी लघु सचिवालय पहुंचेंगे और देश के राष्ट्रपति के नाम जिला उपायुक्त को मांग-पत्र सौंपेंगे। ज्ञापन के माध्यम से जंतर-मंतर पर छात्रों पर बर्बरता करने वाले दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की जाएगी। इनेलो प्रवक्ता ने कहा कि युवा इनेलो और आईएसओ हमेशा से छात्र हितों को लेकर सडक़ों पर उतरकर लगातार संघर्षरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व दिल्ली सरकार द्वारा युवाओं की आवाज को बलपूर्वक दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे इनेलो कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

### वकीलों ने कोर्ट के बाहर किया प्रदर्शन

जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने न्यायिक परिसर के बाहर एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया। वकीलों ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और छात्रों पर बल प्रयोग चिंता का विषय है। उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि असहमति की आवाज को दबाने के बजाय संवाद के माध्यम से समाधान निकाला जाना चाहिए। बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान नरेश सोनी के नेतृत्व में वकीलों ने केन्द्र सरकार को तानाशाह बताते हुए छात्रों से बातचीत कर उनकी समस्याओं का समाधान करने की मांग की।

### ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने फतेहाबाद में दिया धरना, पंचायत मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार और ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के बीच बातचीत में मानी गई मांगों के पत्र जारी न होने और कार्यान्वयन में हो रही देरी के विरोध में कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा के आह्वान पर जिलेभर के सैकड़ों सफाई कर्मचारियों ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय पर रोष प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान सुनील कुमार ने की, जबकि मंच संचालन जिला सचिव हरपाल सिंह भूथन ने किया। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने डीडीपीओ के माध्यम से प्रदेश के पंचायत मंत्री के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला प्रधान सुनील कुमार, सचिव हरपाल सिंह और सह सचिव बेगराज ने बताया कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर 15 से 29 मई तक हड़ताल की थी। 29 मई को पानीपत में सरकार के साथ हुई वार्ता में 18 में से 17 मांगों पर सहमति बन गई थी और सरकार ने 30 जून तक सभी मांगों के नोटिफिकेशन जारी करने का वादा किया था। नेताओं ने आरोप लगाया कि 30 जून को सरकार ने केवल एक पत्र जारी किया, जिसमें 2,100 रुपये मानदेय बढ़ोतरी को एक जुलाई से लागू किया गया, जबकि समझौते के अनुसार यह बढ़ोतरी एक जनवरी 2026 से लागू होनी थी। बाकी 16 मानी गई मांगों के पत्र आज तक जारी नहीं किए गए हैं, जो ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के साथ सीधा धोखा है।

### आंदोलन के समर्थन में कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**सिरसा।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने युवाओं की मांगों के समर्थन में उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सरकार की युवा विरोधी नीतियों और तानाशाही रवैये के खिलाफ जमकर विरोध दर्ज कराया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष बेनीवाल ने कहा कि बीते 25 दिनों से प्रदेश का युवा अपने हक और भविष्य की लड़ाई लडने के लिए सडक़ों पर उतरने को मजबूर है। हालांकि, युवाओं से संवाद कर समाधान निकालने के बजाय भाजपा सरकार उन पर लाठियां भांजकर तानाशाही पर आमादा है। संतोष बेनीवाल ने कहा कि अपनी आवाज बुलंद करना हर नागरिक का संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकार है। लेकिन जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी छात्रों का दर्द बांटने पहुंचे, तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया और उन्हें घसीटा गया। लोकतंत्र की आवाज उठाने वाले हर व्यक्ति को जबरन डिटेन किया जा रहा है। यदि सरकार युवाओं को समय पर रोजगार देती और लगातार हो रहे पेपर लीक पर लगाम लगाती, तो आज देश और प्रदेश का युवा सडक़ों पर लाठियां नहीं खा रहा होता। उन्होंने मांग की है कि सरकार तुरंत वार्ता के जरिए इस गंभीर मसले का समाधान निकाले और नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए प्रदेश के शिक्षा मंत्री का तत्काल इस्तीफा लिया जाए। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे पर सवाल उठाते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का ढोंग करने वाली भाजपा सरकार आज सड़कों पर अपने हक के लिए उतरी बेटियों पर जुल्म ढा रही है।



**सिरसा।** उपायुक्त को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी।



रतिया। प्रदर्शन करते युवा। फोटो : हरिभूमि

### रतिया में निकाला विशाल मार्च, धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और एनटीए भंग करने की मांग

**रतिया।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में आज रतिया में इंकलाबी नौजवान सभा हरियाणा, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन तथा अन्य जनसंगठनों के संयुक्त आह्वान पर कम्युनिटी सेंटर से लेकर मुख्य बाजार होते हुए संजय गांधी चौक तक विरोध मार्च निकाला गया। इस मार्च में बड़ी संख्या में छात्रों, नौजवानों, किसानों, मजदूरों और आम नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रवि रतिया ने की। इस अवसर पर मुख्य वक्ताओं में इंकलाबी नौजवान सभा हरियाणा के राज्य अध्यक्ष गुरप्रीत गोपी, राज्य सचिव हैप्पी ग्रोहा, साथी विनोद दारोली तथा अन्य संगठनों के प्रतिनिधि राम जाट, परमजीत लाली, हरप्रीत अलीका, सी.एन. भारती, राजिंदर चहल और सुखविंदर सिंह रतिया शामिल रहे। वक्ताओं ने कहा कि दिल्ली में शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज करना लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला है। उनका कहना था कि छात्रों और युवाओं की आवाज को बलपूर्वक दबाने का प्रयास लोकतंत्र की भावना के विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर सरकार जवाब देने के बजाय विरोध कर रहे युवाओं के साथ दमनकारी रवैया अपना रही है। वक्ताओं ने कहा कि देश का युवा अब अपने अधिकारों और भविष्य के सवालों पर संगठित होकर आवाज उठा रहा है। उन्होंने सरकार से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा लेने तथा कार्यप्रणाली की जवाबदेही तय करने की मांग की। साथ ही कहा कि यदि छात्रों की मांगों की अनदेखी जारी रही तो देशभर में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### रिटायर्ड कर्मचारी एसोसिएशन 26 को फतेहाबाद में करेगी विरोध प्रदर्शन

**फतेहाबाद।** नीट परीक्षा लीक मामले में शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे युवाओं और छात्र-छात्राओं पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की ऑल रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन ने कड़े शब्दों में निंदा की है। सरकार की इस दमनकारी नीति और पुलिस प्रशासन के अमानवीय रवैये के विरोध में रिटायर्ड कर्मचारियों द्वारा 26 जुलाई को फतेहाबाद में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस मुद्दे को लेकर ऑल रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक रेस्ट हाउस, फतेहाबाद में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान मुंशीराम कम्बोज ने की, जबकि संचालन सचिव सुभाष चन्द्र चौहान द्वारा किया गया।

### जंतर-मंतर पर धरना देकर लड़ी जाएगी युवाओं के हकों की लड़ाई: दिग्विजय चौटाला

**सिरसा।** दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में जननायक जनता पार्टी ने सिरसा में धरना दिया। सिरसा में धरना समाप्त करने के बाद जेजेपी नेता दिग्विजय चौटाला दिल्ली के लिए कूच कर गए हैं। युवाओं को न्याय दिलाने के लिए सिरसा में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे दिग्विजय चौटाला ने अब देश की राजधानी में प्रदर्शन कर रहे छात्रों के बुलावे पर दिल्ली की ओर कूच कर दिया है। दिग्विजय ने कहा कि युवा विरोधी भाजपा सरकार को नींद से जगाने के लिए दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर ही पक्का धरना दिया जाएगा और संगठित होकर युवाओं के हकों की लड़ाई को मजबूती से लड़ा जाएगा। वीरवार को दिग्विजय चौटाला युवाओं के साथ सिरसा से दिल्ली की तरफ रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने समूचे हरियाणा के युवाओं से दिल्ली कूच का आह्वान किया। इससे पहले सिरसा स्थित टाउन पार्क में उनका धरना जारी रहा और दिनभर यूनिवर्सिटी और कॉलेज के छात्रों नेआकर धरने को न केवल समर्थन दिया बल्कि अपने विचार भी साझे किए।। दिग्विजय चौटाला बुधवार रात को युवाओं के साथ धरना स्थल पर ही डटे रहे। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि हमने दिल्ली में छात्रों पर हुए अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लडने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारी छात्रों से विचार-विमर्श के बाद हमने सिरसा में धरना दिया था और अब छात्रों के बुलावे पर ही दिल्ली कूच कर रहे है। दिग्विजय ने कहा कि पुलिस की ज्यादती लगातार जारी है और बुधवार रात को भी छात्रों के साथ धक्काशाही की गई। उन्होंने कहा कि पुलिस के प्रति भारी आक्रोश है क्योंकि जो बर्बरता पुलिस ने छात्रों के साथ की है, वो पुलिस के रूप में रक्षक नहीं बल्कि भक्षक वाली है।

## नाकाबंदी कर शातिर तस्कर दबोचा

- लग्जरी कार में लाया था डोडा पोस्त का जखीरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले में नशे के काले कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए टोहाना की टीम को कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी कर एक नशा तस्कर को 64 किलो 650 ग्राम कचरा डोडा पोस्त के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही मारुति स्विफ्ट कार को भी अपने कब्जे में ले लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव कलोठा निवासी सतनाम उर्फ कालू के रूप में हुई है। सीआईए टोहाना प्रभारी उप निरीक्षक अजय ने बताया कि उप निरीक्षक जग्गा सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गांव अलीका क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि आरोपी सतनाम अपनी स्विफ्ट कार में भारी मात्रा में डोडा पोस्त भरकर गांव अजीतनगर से पिलछियां की ओर सप्लाई करने जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मढ़-अलीका रोड पर तुरंत नाकाबंदी कर दी। कुछ ही देर में बताए गए नंबर की स्विफ्ट कार आती दिखाई दी। जब पुलिस ने रुकने का इशारा किया, तो चालक ने घबराकर कार को वापस मोड़कर भागने की कोशिश की।



**फतेहाबाद।** डोडा पोस्त सहित पकड़ा गया युवक। फोटो : हरिभूमि

### मार्ग पर पेड़ गिरने से लोग परेशान

**रानियां।** क्षेत्र में हुई पहली बारिश जहां गर्मी से राहत लेकर आई, वहीं कई स्थानों पर लोगों की परेशानी भी बढ़ा गई। ढाणी सतनाम सिंह से फिरोजाबाद जाने वाले ग्रामीण मार्ग पर एक सफेदा का पेड़ गिर जाने से रास्ता अवरुद्ध हो गया है। इससे किसानों, ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसान हरमेश सिंह दियोल, गुरमीत सिंह, बिशन भिंडर, गुरजंट सिंह, स्वर्ण सिंह, जसवंत सिंह सहित अन्य किसानों ने बताया कि उनके खेत इसी मार्ग पर स्थित हैं तथा आसपास की कई ढाणियों का संपर्क भी इसी रास्ते से बना हुआ है।

## सचिव के केबिन में घुसा साढ़े 6 फीट लंबा सांप

- टोहाना मार्केट कमेटी कार्यालय में हड़कंप, सुरक्षित किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

मार्केट कमेटी टोहाना के सचिव कार्यालय में उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब अचानक करीब साढ़े छह फीट लंबा विशालकाय धामन सांप यानि इंडियन रैट स्नेक दफ्तर के अंदर घुस आया। गनीमत यह रही कि उस समय सचिव संदीप गर्ग कार्यालय में मौजूद नहीं थे। सांप को रेंगते देख दफ्तर के कर्मचारियों में हडक़ंप मच गया। कार्यालय के कर्मचारी लखमीर ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए इसकी सूचना वन्यजीव रेस्क्यू वॉलंटियर एवं एसपीसीए फतेहाबाद के सदस्य नवजोत सिंह ढिल्लों को दी। सूचना मिलते ही नवजोत ढिल्लों अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद साढ़े छह फीट लंबे सांप को सुरक्षित पकड़ लिया। रेस्क्यू पूरा होने के बाद सचिव संदीप गर्ग भी मौके पर पहुंच गए। जांच के बाद पता चला कि सांप गैर-विषैला इंडियन रैट स्नेक था, जिसे बाद में सुरक्षित प्राकृतिक वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया।



**फतेहाबाद।** टोहाना मार्केट कमेटी कार्यालय में पकड़ा गया सांप। फोटो : हरिभूमि

## भट्टू में महिला समेत 4 हेरोइन तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

- कार से 47 ग्राम से अधिक ड्रग्स बरामद

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की सिरसा यूनिट ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए फतेहाबाद जिले में एक महिला सहित चार शातिर हेरोइन तस्करों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 47.310 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद की है। यह पूरी कार्रवाई फतेहाबाद के थाना भट्टू क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान की गई। हरियाणा स्टेट नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की यूनिट सिरसा के इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक बनवारी लाल ने बताया कि एनसीबी की टीम एएसआई हरप्रीत सिंह के नेतृत्व में गश्त पर थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि चार नशा तस्कर नाथूसारी चोपटा की तरफ से कार में सवार होकर हेरोइन की खेप बेचने भट्टू की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए भट्टू-नाथूसारी चोपटा रोड पर गांव पीली मंदोरी के पास घेराबंदी कर नाका लगाया।



**फतेहाबाद।** भारी मात्रा में हेरोइन सहित पकड़े गए चारों तस्कर।

### सीएम ने 77वें जिला स्तरीय वन महोत्सव अभियान के तहत किया पौधरोपण

## मुख्यमंत्री ने सिरसा के किन्नू को जीआई टैग मिलने पर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने वीरवार को सिरसा में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता की और लोगों की समस्याओं को सुना। इसके उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा का किन्नू ऐसा पहला फल है जिसे जीआई टैग मिला है। इस जीआई टैग से सिरसा के किन्नू की पहचान राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी है। उन्होंने किसानों से कहा कि वे किन्नू के उत्पादन और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखते हुए इस पहचान को बरकरार रखें। साथ ही मुख्यमंत्री ने किसानों को जीआई टैग मिलने पर बधाई भी दी। सीएम ने विवि में 77वें जिला स्तरीय वन महोत्सव अभियान के तहत पौधरोपण भी किया।



### प्रगतिशील किसानों को नवाजा

*मुख्यमंत्री ने सिरसा के किन्नू को जीआई टैग दिलाने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रगतिशील किसानों, अधिकारियों एवं विशेषज्ञों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने बड़ागुढ़ा के प्रगतिशील किसान निखिल मेहता, ऐलनाबाद के प्रगतिशील किसान मनोज कुमार, डबवाली के प्रगतिशील किसान कृष्ण कुमार तथा एचडीओ सीमा कंबोज को सम्मानित कर उनके प्रयासों की सराहना की। जिला उद्यान अधिकारी दीन मोहम्मद ने बताया कि सिरसा का किन्नू हरियाणा राज्य का पहला स्वतंत्र जीआई टैग प्राप्त कृषि उत्पाद बन गया है। इससे पहले बासमती और फुलकारी को संयुक्त रूप से जीआई टैग प्राप्त था, लेकिन सिरसा किन्नू ने हरियाणा की विशिष्ट कृषि उपज के रूप में अपनी अलग पहचान स्थापित की है। दीन मोहम्मद ने बताया कि अब तक स्वतंत्र जीआई टैग नहीं होने के कारण सिरसा का किन्नू अन्य राज्यों के किन्नू के साथ मिश्रित होकर बिकता था, जिससे किसानों को उनकी गुणवत्तापूर्ण उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता था। अब स्वतंत्र जीआई टैग मिलने से किसानों को उनकी उपज का बेहतर बाजार मूल्य मिलने की संभावना बढ़ेगी और सिरसा किन्नू की ब्रांड वैल्यू भी मजबूत होगी।*

### युवाओं के साथ मिलकर काम कर रही है सरकार : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में सीईटी और नीट की परीक्षा के दौरान कोई परेशानी नहीं आई और यातायात की सुविधा उपलब्ध करवाई गई। विपक्ष ने युवाओं को भड़काने व बरगलाने का काम किया है, लेकिन सरकार गंभीरता से युवाओं के साथ काम कर रही है। विपक्ष को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए कि उनके समय में युवाओं के साथ किस प्रकार का बर्ताव होता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक ही विजन है कि युवाओं को सशक्त और मजबूत करना। इस अवसर पर उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण, नगर परिषद सिरसा के चेयरमैन शांति स्वरूप, चेयरमैन रोहताश जांगड़ा, चेयरमैन देव कुमार शर्मा, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार जगदीश चोपड़ा सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# मुआवजा नहीं मिला तो सचिवालय गेट पर डटे किसान, धूप में दिया धरना

## उपायुक्त बोले: एक सप्ताह में आएगी रिपोर्ट, फिर होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

वर्ष 2025 में खराब हुई नरमा फसल का बीमा क्लेम और मुआवजा नहीं मिलने से नाराज गांव दैयड़ के किसान वीरवार को एक बार फिर फतेहाबाद पहुंच गए। किसानों ने बीमा क्लेम विवाद के समाधान के लिए गठित जिला स्तरीय कमेटी के समक्ष अपना पक्ष रखा, लेकिन तत्काल समाधान नहीं मिलने पर वे लघु सचिवालय के मुख्य द्वार पर धरने पर बैठ गए। करीब एक घंटे तक तेज धूप में बैठे किसानों ने स्पष्ट कहा कि उन्हें केवल आश्वासन नहीं, बल्कि तत्काल कार्रवाई चाहिए।

बैठक के दौरान उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने किसानों को बताया कि कृषि विभाग और संबंधित बैंकों से आवश्यक रिकॉर्ड और डाटा मांगा गया है। यह एक सप्ताह में उपलब्ध हो जाएगा, जिसके बाद प्रशासन उनकी समस्या का समाधान करेगा। हालांकि किसान इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुए और बैठक से बाहर निकलकर सचिवालय के मुख्य गेट पर धरना शुरू कर दिया। स्थिति को देखते हुए बीमा क्लेम समाधान समिति की सदस्य एवं जिला परिषद अध्यक्ष सुमन खीचड़ ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों से बातचीत की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि एक सप्ताह के भीतर समिति की रिपोर्ट तैयार कर ली जाएगी और उसके आधार पर किसानों की समस्या का समाधान कराया जाएगा। इसके बाद किसानों ने धरना समाप्त किया।



फतेहाबाद। लघु सचिवालय के गेट पर धरना देते किसान। फोटो : हरिभूमि

### मंत्री के दखल के बाद गठित हुई थी समिति

गौरतलब है कि 13 जुलाई को कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के फतेहाबाद दौरे के दौरान दैयड़ के किसानों ने उनसे मुलाकात कर अपनी समस्या रखी थी। इसके बाद मंत्री ने उपायुक्त को मामले की जांच और समाधान के लिए समिति गठित करने के निर्देश दिए थे। समिति में अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया, डीआरओ श्याम लाल, संबंधित बैंक और बीमा कंपनी के अधिकारी शामिल हैं। मंत्री के निर्देश पर जिला परिषद अध्यक्ष सुमन खीचड़ और सतबीर ढुपका को भी समिति में शामिल किया गया।

### किसानों के आरोप

किसानों का आरोप है कि कृषि विभाग और बीमा कंपनी की मिलीभगत से उनके बीमा दावों पर जानबूझकर आपत्तियां लगाई गईं। उनका कहना है कि वर्ष 2025 में भट्टू ब्लॉक के 24 गांवों की नरमा फसल खराब हुई थी। बाद में अधिकांश गांवों के बीमा दावों से आपत्तियां हटा ली गईं, लेकिन दैयड़ गांव का ऑब्जेक्शन अब तक नहीं हटाया गया। किसानों के अनुसार बीमा कंपनी 18 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से भुगतान करना चाहती है, जबकि वास्तविक नुकसान के आधार पर कम से कम 36 हजार रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा बनता है। किसानों ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर वे लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। इससे पहले भी वे अर्धनग्न होकर करीब 37 किलोमीटर पैदल मार्च निकालते हुए फतेहाबाद पहुंचे थे। उनका आरोप है कि फसल पूरी तरह नष्ट होने के बावजूद न तो बीमा कंपनी ने न्याय किया और न ही प्रशासन ने समय रहते प्रभावी कदम उठाए। अब किसान अपने हक की लड़ाई जारी रखने का संकल्प ले चुके हैं।



फतेहाबाद। विद्यार्थियों को संबोधित करते थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद की सहायक उप निरीक्षक सुनीता। फोटो : हरिभूमि

# फतेहाबाद पुलिस ने 320 विद्यार्थियों को सिखाए ऑनलाइन ठगी से बचाव के गुर

## स्कूल में साइबर सुरक्षा कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- मॉडल टाउन सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम

जिले में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत साइबर थाना फतेहाबाद की टीम ने मॉडल टाउन सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में स्कूल के लगभग 320 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

पुलिस टीम ने बच्चों को साइबर अपराधों, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, डिजिटल अरेस्ट जैसी ठगियों और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया। थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद की सहायक उप निरीक्षक सुनीता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ऑनलाइन ठगी के नए-नए तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट का जिक्र करते हुए कहा कि कोई भी पुलिस, सीबीआई या सरकारी एजेंसी फोन अथवा वीडियो कॉल के जरिए किसी को डिजिटल अरेस्ट नहीं करती। ऐसे फर्जी कॉल या धमकियों से डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। साइबर थाना टीम ने छात्रों को सोशल मीडिया का इस्तेमाल सावधानीपूर्वक करने की सलाह दी।

### अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें : सुनीता

उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति से ऑनलाइन दोस्ती न करें, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें और अपने परिवार का कोई भी बैंक विवरण, ओटीपी या पासवर्ड किसी से साझा न करें। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को हरियाणा पुलिस द्वारा साइबर सुरक्षा के लिए बनाए गए अभेद्य ऐप के बारे में बताया गया और इसे मोबाइल में डाउनलोड करने व परिजनों को भी जागरूक करने की अपील की गई। इसके अलावा, विद्यार्थियों को सामाजिक कुरीति दहेज प्रथा के खिलाफ भी जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने युवाओं से आह्वान किया कि वे भविष्य में दहेज न लेने और न देने का संकल्प लें और समाज में समानता व महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दें।

# ताले तोड़ 2.5 लाख से अधिक की नकदी व जेवर ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

- देर रात की वारदात, सुबह सामान बिखरा मिला
- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

गांव चौबारा के साथ स्थित दो अलग-अलग ढाणियों में अज्ञात चोरों ने देर रात धावा बोलकर लाखों रुपये की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। वारदात के बाद दोनों परिवारों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पहले मामले में चौबारा निवासी बलजीत पुत्र माडूराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात करीब 12 बजे अज्ञात चोर उनकी ढाणी में घुस आए। चोरों ने घर में रखे संदूक और अलमारियों के ताले तोड़ दिए तथा करीब डेढ़ तोला सोना, 10 ग्राम चांदी और 1 लाख 90 हजार रुपये की नकदी चोरी कर फरार हो गए। सुबह सामान अस्त-व्यस्त देखकर चोरी का पता चला। परिवार ने अपने स्तर पर भी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

दूसरे मामले में सुभाष पुत्र दलीप सिंह ने बताया कि पूरा परिवार रात को सोया हुआ था। सुबह करीब 5 बजे उठने पर देखा कि घर में संदूक और अलमारी के ताले टूटे हुए थे तथा सामान जमीन पर बिखरा पड़ा था। चोर घर से करीब दो तोला सोना, चांदी के आभूषण और 55 हजार रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर गांव के सरपंच जोगिंदर सिंह ओला ग्रामीणों के साथ थाना भूना पहुंचे।

## जनसंवाद पोर्टल के लंबित मामलों की सूची भेजें: डीसी

# सीएम विंडो की शिकायतें 24 घंटे के भीतर हों अंडरटेक

- एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) निर्धारित समय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

डीसी डॉ. विवेक भारती ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न ऑनलाइन पोर्टलों पर प्राप्त होने वाली जन शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर शिकायत अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहनी चाहिए। इसके लिए सभी विभागाध्यक्ष नियमित रूप से संबंधित पोर्टलों की मॉनिटरिंग करें और शिकायतों के समाधान में पूरी गंभीरता बरतें। डीसी डा. विवेक भारती वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से कहा कि जनसंवाद पोर्टल पर लंबित शिकायतों की नवीनतम सूची उपायुक्त कार्यालय को तत्काल उपलब्ध करवाई जाए तथा सभी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए।उन्होंने सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत 24 घंटे से अधिक समय तक अंडरटेक की स्थिति में नहीं रहनी चाहिए। सभी शिकायतों को निर्धारित समयावधि के भीतर अंडरटेक कर उनकी जांच एवं समाधान की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए। उन्होंने समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों के संबंध में भी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई करते हुए उनकी एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) निर्धारित समय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डीसी ने सीपीग्राम तथा एसएमजीटी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का भी गंभीरता से संज्ञान लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन पोर्टल पर दर्ज प्रत्येक शिकायत का नियमानुसार और समय सीमा के भीतर प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके।



फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते डीसी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सीटीएम गौरव गुप्ता, कार्यकारी अभियंता पंचायती राज देवेंद्र सिंह, कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग राहुल चहल, कार्यकारी अभियंता काडा संजीव सहारण, कार्यकारी अभियंता बिजली निगम अशोक कुमार, रोडवेज जीएम मनोज कुमार, डीएफओ राजेश लीलड़, डीएफएससी कुशल बूरा, डिप्टी सीएमओ मेजर डॉ. शरद तूली, एमिनेंट पर्सन सतबीर मेहुवाला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# फतेहाबाद में दिव्यांग से लूटपाट के दो युवकों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



- दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया
- अदालत के आदेश पर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

दिव्यांग व्यक्ति से हुई लूटपाट की वारदात को सुलझाते हुए शहर थाना फतेहाबाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से अदालत के आदेश पर उन्हें न्यायिक हिरासत में हिसार जेल में भेज दिया गया है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि 21 जुलाई को फतेहाबाद निवासी राकेश कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी। राकेश, जो शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं, पुराना बस अड्डा फतेहाबाद के पास भीख मांगकर अपना जीवनयापन करते हैं। 21 जुलाई की दोपहर करीब एक बजे जब वे बस अड्डे के बाहर स्थित सार्वजनिक शौचालय में गए, तो दो युवकों ने उन्हें रोक लिया और पैसों की मांग की। जब दिव्यांग राकेश ने विरोध किया, तो एक आरोपी ने उन्हें कसकर पकड़ लिया और दूसरे ने जबरन उनकी जेब से 1,500 निकाल लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मौके से रफूचक्कर हो गए। पीड़ित ने बाद में दोनों आरोपियों की पहचान कबीर बस्ती, फतेहाबाद निवासी विशाल उर्फ टुंडा और राहुल उर्फ मिड्डा के रूप में की।

# सभी ग्राम पंचायतों में होगा पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

कैच दा रेन वाटर अभियान एवं वीबीजी राम जी स्कीम के तहत बुधवार को गोरखपुर गांव से पेड़ लगाओ अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के तहत खंड की सभी ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से पौधारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण का संदेश दिया गया। जिला परिषद फतेहाबाद के सीईओ सुरेश कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ऋषभ सिंगल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच मनदीप योगी ने की। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों ने मिलकर पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि सुरेश कुमार ने कहा कि पौधे प्रकृति की सबसे बड़ी धरोहर हैं और इनके बिना मानव जीवन की कल्पना संभव नहीं है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।




भूना। पेड़ लगाओ अभियान का शुभारंभ करते सीईओ व बीडीपीओ। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर एबीपीओ राकेश कुमार, एसईपीओ अशोक कुमार, जेई पवन कुमार, जेई सुरेंद्र कुमार, जेई मुकेश कुमार, जेई राजपाल, डीईओ विकास , ग्राम सचिव वीरेंद्र सिंह, ग्राम सचिव राजेश शर्मा, पटवारी पुनीत ,दयानंद तंवर, संजय शर्मा सहित पंचायत प्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

# बेटी को नहर में फैंकने वाले कलयुगी पिता के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

- पुलिस द्वारा बच्ची का पोस्टमार्टम करवा कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है

गांव खूनन में कलयुगी पिता के द्वारा अपनी चार वर्षीय बेटी को भाखड़ा में फेंक कर हत्या करने के मामले में आज रतिया पुलिस ने मृतक बच्ची के मामा की शिकायत पर बच्ची के पिता के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा बच्ची का पोस्टमार्टम करवा कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक बच्ची के मामा जगवीर सिंह अहरवां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन की शादी गांव खूनन निवासी गुरप्रीत से हुई थी और उनको एक 10 साल व एक 5 साल की बेटी भी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी बहन की दोनों बेटियां गांव बहबलपुर के स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रही थी। उसने आरोप लगाया कि उसके जीजा गुरप्रीत सिंह ने अपनी 5 वर्षीय बेटी गुरुनिवास कौर को भाखड़ा नहर में फेंक दिया। कई घंटे की मशकत के बाद बच्ची का शव कई किलोमीटर दूर बरामद हुआ।

रतिया पुलिस ने मृतक बच्ची के मामा जगबीर सिंह के बयानों पर बच्ची के पिता गुरप्रीत सिंह के खिलाफ हत्या की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव को परिजनों को सौंप दिया है।

# 75 ग्राम हेरोइन तस्करी मामले में चार दोषियों को तीन-तीन साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- एनडीपीएस कोर्ट का फैसला: प्रत्येक पर 30-30 हजार रुपए जुर्माना, नहीं भरने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास

करीब आठ वर्ष पुराने हेरोइन तस्करी के मामले में एनडीपीएस कोर्ट ने चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए प्रत्येक को तीन-तीन वर्ष के कठोर कारावास और 30-30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में दोषियों को तीन माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। अदालत ने पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और अभियोजन पक्ष की दलीलों को पर्याप्त मानते हुए यह फैसला सुनाया।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट) एवं विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट हेमंत यादव की अदालत ने एफआईआर नंबर 174, दिनांक 13 मई 2018, थाना सदर फतेहाबाद में दर्ज मामले की सुनवाई पूरी करते हुए आरोपी जगसीर सिंह उर्फ सोमी, नरेंद्र कुमार उर्फ नंदू, इन्द्रजीत सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह तथा इन्द्रजीत सिंह पुत्र जगदेव सिंह को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी), 61 एवं 85 के तहत दोषी ठहराया। अभियोजन पक्ष के अनुसार पुलिस ने वर्ष 2018 में कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से 75 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। मामले की जांच पूरी होने के बाद चालान अदालत में पेश किया गया। सुनवाई के दौरान अभियोजन ने गवाहों और दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर आरोप साबित किए, जिन्हें अदालत ने स्वीकार करते हुए चारों आरोपियों को दोषसिद्ध माना।

मामले में जिला न्यायवादी देवेन्द्र मित्तल और उप जिला न्यायवादी हरवीर सिंह मलिक ने प्रभावी पैरवी की। जिला न्यायवादी देवेन्द्र मित्तल ने बताया कि न्यायालय ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों से संतुष्ट होकर सभी आरोपियों को दोषी करार दिया और प्रत्येक को तीन वर्ष के कठोर कारावास के साथ 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

## रविदास जयंती के लिए रविंद्र बलियाला बने जिला संयोजक

फतेहाबाद। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, प्रदेश महामंत्री कृष्ण बेदी से विचार-विमर्श तथा जिला प्रभारी सुरेंद्र आर्य के परामर्श के उपरांत आगामी रविदास जयंती कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए फतेहाबाद जिले में जिला संयोजक एवं सह-संयोजकों की नियुक्ति की गई है। इस संबंध में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा एडवोकेट ने नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। इसमें पूर्व विधायक रविंद्र बलियाला को रविदास जयंती कार्यक्रमों का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है, वहीं चंद्रप्रकाश बोसती, विकास ललोढा, अवतार तलवाड़ा तथा अवतार मोंगा को सह-संयोजक बनाया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि नव-नियुक्त पदाधिकारी जिलेभर में रविदास जयंती कार्यक्रमों के आयोजन, समन्वय एवं विभिन्न गतिविधियों का संचालन करेंगे।

## रिकॉर्ड नहीं देने पर अधिकारियों को लगाई फटकार

# रतिया नगर पालिका के करोड़ों के कार्यों की जांच तेज

- सीएम फ्लाइंग टीम ने पार्षदों से पूछताछ की, दो सप्ताह बाद भी दस्तावेज नहीं मिलने पर कारण बताओ नोटिस की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

रतिया नगर पालिका में पिछले चार वर्षों के दौरान हुए करोड़ों रुपये के विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं की जांच अब तेज हो गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर जांच कर रही सीएम फ्लाइंग स्क्वायड की टीम वीरवार को एक बार फिर रतिया पहुंची। उप पुलिस अधीक्षक विक्रमजीत सिंह भादू के नेतृत्व में टीम ने कई पार्षदों से पूछताछ की और नगर पालिका अधिकारियों से जांच से संबंधित रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराने पर कड़ी नाराजगी जताई। सूत्रों के अनुसार, यदि जल्द पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया तो संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा सकता है। सीएम फ्लाइंग टीम ने नगर पालिका सचिव शुभम कुमार, म्यूनिसिपल इंजीनियर पंकज ढांडा तथा कनिष्ठ अभियंता प्रदीप कुमार से रिकॉर्ड में हो रही देरी को लेकर पूछताछ की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जांच से जुड़े सभी दस्तावेज बिना किसी और देरी के उपलब्ध कराए जाएं। बताया जा रहा है कि 6 जुलाई को पहली बार जांच के दौरान टीम ने चार दिन के भीतर रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन दो सप्ताह से अधिक समय बीतने के बाद भी पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया। जांच की शुरुआत मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायतों के बाद हुई थी। कुछ पार्षदों ने आरोप लगाया था कि नगर पालिका में पिछले चार वर्षों के दौरान विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं हुई हैं। शिकायत में कचरा उठान, सामुदायिक केंद्र, रंग-रोगन, बरसाती नाले और सड़क निर्माण सहित कई कार्यों में करोड़ों रुपये के घोटाले का आरोप लगाया गया है।



रतिया। अधिकारियों से पूछताछ करते हुए सीएम फ्लाइंग स्क्वायड के डीएसपी।

### अनियमितताओं का आरोप लगाया गया

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि 1.43 करोड़ रुपये के कचरा उठान कार्य में वास्तविक काम बेहद कम हुआ, लेकिन एक करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान कर दिया गया। इसके अलावा लगभग 87 लाख रुपये के भुगतान में फर्जी हस्ताक्षरों की आशंका भी जताई गई है। आरोप यह भी है कि सामुदायिक केंद्र में पौधरोपण के नाम पर करीब 7 लाख रुपये खर्च दिखाए गए, जबकि मौके पर पौधे नहीं लगे मिले। वहीं 5 लाख रुपये की लागत से बनाए गए बैडमिंटन कोर्ट और करीब 12 लाख रुपये के रंग-रोगन कार्य में भी अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि 73 लाख रुपये की लागत से बनने वाला बरसाती नाला एक वर्ष बाद भी अधूरा है और निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया। वहीं करीब 5 करोड़ रुपये की सड़क निर्माण योजना में नई सडकों के बजाय कई स्थानों पर पुरानी सड़कों को तोडकर दोबारा निर्माण करने तथा बिना आवश्यकता नई गलियां बनाने के आरोप भी लगाए गए हैं। सीएम फ्लाइंग के डीएसपी विक्रमजीत सिंह भादू ने बताया कि जांच अभी जारी है और नगर पालिका से संबंधित पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध कराया जाना बाकी है। अधिकारियों को जल्द रिकॉर्ड सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

**नोटिस इश्तहार अखबार**

न्यायालय श्री दिव्यांशु मितल उप-तहसीलदार कम सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, डबवाली।

मेजर सिंह बनाम लखविन्द्र सिह

दरखास्त तकसीम भूमि
खेवट नम्बर 510,
तारीख पेशी 29.07.2026

बनाम

1. बीरो पुत्री नायब सिंह पुत्र फता सिंह निवासी गांव जोगेवाला, तहसील डबवाली, जिला सिरसा।

प्रार्थीगण ने दरखास्त तकसीम किये जाने उक्त खेवट वाका गांव जोगेवाला, तहसील डबवाली, जिला सिरसा अनुसार जमाबन्दी वर्ष 2022-23 इस न्यायालय में दायर की है। उपरोक्त फरीकैन को नोटिस तामील साधारण ढंग से ना हो रही है। इसलिये इश्तहार नोटिस से सूचित किया जाता है कि अगर इस बारे किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का उजर या एतराज हो तो वह दिनांक 29.07.2026 को मेरे न्यायालय में असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपना जबाब दावा या एतराज पेश कर सकता है अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई भी एतराज काबले गौर ना होगा और अदालत में हाजिर ना होने पर एकतरफा कार्यवाही अमल में ला दी जायेगी।

आज दिनांक 15.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय में मोहर सहित जारी किया गया।

हस्ता/- सहायक कलैक्टर
द्वितीय श्रेणी, डबवाली (सिरसा)

## खबर संक्षेप

### रंगड़ी खेड़ा की कबड्डी टीम बनी चैंपियन

**सिरसा।** स्पोर्ट्स फिटनैस एंड फाऊंडेशन के तत्वावधान में संचालित कबड्डी नर्सरी, गांव रंगड़ी खेड़ा के खिलाड़ियों ने एसजीएफआई की ब्लॉक स्तरीय अंडर-14 लड़कों की कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इसके साथ ही फाऊंडेशन के 7 खिलाड़ियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। फाऊंडेशन के प्रधान कुलदीप सिंह ने इस उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं कोचिंग स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि स्पोर्ट्स फिटनैस एंड फाऊंडेशन का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देकर उन्हें राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है।

### रोडवेजकर्मी कल मंत्री आवास का करेंगे घेराव

**सिरसा।** रोडवेज कर्मचारी 25 जुलाई को परिवहन मंत्री के अंबाला स्थित आवास का घेराव करेंगे। हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के पदाधिकारी मुकेश दुहन, निशान सिंह, जयबीर घणघस, लाधू राम, डिपो प्रधान रिछपाल सिंह ने कहा कि रोडवेज विभाग में लगातार सेवानिवृत्ति एवं पर्याप्त नई भर्ती न होने के कारण चालक, परिचालक,मैकेनिक, हेल्पर, सफाई कर्मचारी एवं अन्य कर्मचारियों के हजारों पद खाली हो रहे हैं। कर्मचारियों की कमी के कारण अत्यधिक कार्य करने से कर्मचारियों को मानसिक एवं शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### रेडियो सूचना और शिक्षा का सशक्त माध्यम

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के जनसंचार विभाग के सामुदायिक रेडियो स्टेशन एफएम 90.4 में विश्व प्रसारण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि रेडियो आज भी समाज के विभिन्न वर्गों तक सूचना, शिक्षा और मनोरंजन पहुंचाने का प्रभावी एवं सशक्त माध्यम है। सामुदायिक रेडियो स्थानीय समुदाय की आवाज को मंच प्रदान करता है और स्थानीय मुद्दों, संस्कृति, लोक परंपराओं तथा जनसरोकारों को प्रमुखता से प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के दौरान एफएम 90.4 के माध्यम से विद्यार्थियों को रेडियो प्रसारण की व्यावहारिक बारीकियों से भी अवगत कराया गया।

### महादेव मंदिर का चौथा स्थापना महोत्सव कल

**सिरसा।** श्री शिव श्याम बगीची धाम चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से श्री श्याम बगीची धाम में स्थापित श्री श्यामा महादेव मंदिर का चौथा स्थापना महोत्सव 25 जुलाई को धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री श्याम बगीची के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि श्री श्यामा महादेव मंदिर का चौथा स्थापना महोत्सव 25 जुलाई शनिवार को मंदिर परिसर में बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 25 जुलाई को सुबह 7:15 बजे पटेल बस्ती स्थित खाटू श्याम मंदिर से विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा नगर के मुख्य बाजारों से होते हुए मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न होगी। इसके बाद हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

# 14 वार्डों में सफाई का संकट समाप्त सनराइज एजेंसी को फिर जिम्मेदारी

## अंतरिम व्यवस्था होने तक करेगी सफाई, आज से 93 कर्मचारी संभालेंगे मोर्चा

**बरसात के मौसम में कचरे के ढेर और संक्रमण की आशंका से जूझ रहे लोगों को राहत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


फतेहाबाद शहर में लगे कूड़े के ढेर।

करीब एक महीने से शहर के दक्षिणी हिस्से के 14 वार्डों में ठप पड़ी सफाई व्यवस्था आखिरकार बहाल होने जा रही है। नगर परिषद ने अंतरिम व्यवस्था के तहत पहले इन वार्डों में सफाई कार्य कर रही सनराइज एजेंसी को ही दोबारा काम सौंप दिया है। वीरवार को कोटेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद एजेंसी को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया। इसके साथ ही शुक्रवार से प्रभावित वार्डों में नियमित सफाई और डोर-टू-डोर कचरा उठान का काम फिर शुरू हो जाएगा। इससे बरसात के मौसम में कचरे के ढेर और संक्रमण की आशंका से जूझ रहे हजारों लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। नगर परिषद के अनुसार अंतरिम व्यवस्था तब तक लागू रहेगी, जब तक छह माह के लिए आमंत्रित नए टेंडर की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती। इसके लिए 30 जुलाई को टेंडर खोले जाएंगे। नई एजेंसी के चयन तक सनराइज एजेंसी पहले से तय 11.81 लाख रुपये प्रतिमाह की दर पर ही कार्य करेगी। एजेंसी के तहत सुपरवाइजर सहित 93 सफाई कर्मचारी तैनात किए जाएंगे, जो प्रभावित वार्डों में सफाई, कचरा संग्रहण और डोर-टू-डोर कचरा उठाने का कार्य करेंगे।

### बिगड़ते हालात को देखते लिया निर्णय

बिगड़ते हालात को देखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा ने नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र खिंची और उपाध्यक्ष सविता टूटेजा के साथ बैठक कर प्रशासन से तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग उठाई। इसके बाद उच्चाधिकारियों से विचार-विमर्श हुआ और अंतरिम व्यवस्था के तहत कोटेशन लेकर कार्य आवंटित करने का निर्णय लिया गया। नगर परिषद अधिकारियों के अनुसार 30 जुलाई को छह माह की अवधि के लिए आमंत्रित टेंडर खोले जाएंगे। नई एजेंसी का चयन होने तक सनराइज एजेंसी ही सफाई कार्य जारी रखेगी, ताकि शहर के प्रभावित 14 वार्डों में सफाई व्यवस्था सुचारु बनी रहे और बरसात के मौसम में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### यहां थी दिक्कत

दरअसल, सनराइज एजेंसी का अनुबंध 25 जून को समाप्त होने के बाद शहर के दक्षिणी क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 के कुछ हिस्से सहित 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 23 और 24 में सफाई व्यवस्था प्रभावित हो गई थी। लगातार बारिश के बीच कई कॉलोनियों और बाजारों में कचरे के ढेर लग गए थे। लोगों ने कई बार नगर परिषद के समक्ष शिकायतें दर्ज करवाईं और जनप्रतिनिधियों पर भी व्यवस्था बहाल कराने का दबाव बढ़ने लगा था। सफाई व्यवस्था बहाल करने के लिए नगर परिषद ने अंतरिम व्यवस्था के तहत कोटेशन आमंत्रित किए थे। इस प्रक्रिया में सनराइज एजेंसी सहित कुल पांच एजेंसियों ने भाग लिया। सभी कोटेशन का परीक्षण करने के बाद परिषद ने पहले से कार्यरत सनराइज एजेंसी को ही कार्य जारी रखने का निर्णय लिया। अधिकारियों का कहना है कि इससे बिना किसी अतिरिक्त देरी के सफाई कार्य दोबारा शुरू किया जा सकेगा और नई एजेंसी के चयन तक शहर में व्यवस्था प्रभावित नहीं होगी। इससे पहले नगर परिषद की साधारण सभा में दो प्रतिशत माइनस रेट पर सफाई कार्य देने का प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन नियमों के कारण उसे मंजूरी नहीं मिल सकी। इसके बाद छह माह के लिए नए टेंडर जारी करने का निर्णय लिया गया।

# क्रेसंट स्कूल में विद्यार्थियों को दी पोक्सो एक्ट की जानकारी


फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में विद्यार्थियों को जागरूक करते मुख्य वक्ता।

- बच्चों को बाल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलु भी बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

क्रेसंट स्कूल में विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए पोक्सो एक्ट के अंतर्गत विशेष जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुलदीप कौर ने विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी सरल एवं प्रभावशाली तरीके से दी। सेमिनार के दौरान विद्यार्थियों को गुड टच एवं बैड टच, सुरक्षित एवं असुरक्षित व्यवहार, व्यक्तिगत सुरक्षा व किसी भी असहज परिस्थिति में चुप न रहने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया गया कि यदि कोई व्यक्ति उन्हें असहज महसूस कराए या अनुचित व्यवहार करे, तो वे तुरंत अपने माता-पिता, अभिभावक, शिक्षक अथवा किसी विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी दें।

### जागरूक किया

कुलदीप कौर ने विद्यार्थियों को पोक्सो एक्ट, साइबर सुरक्षा, अनजान लोगों से सावधानी, सोशल मीडिया एवं ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े संभावित खतरों के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा केवल कानून से नहीं, बल्कि जागरूकता, सतर्कता एवं खुलकर संवाद करने से भी सुनिश्चित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए 112 हेल्पलाइन का उपयोग करने के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सुरक्षा का पहला कदम है, अपने अधिकारों को जानना एवं किसी भी गलत व्यवहार के विरुद्ध आवाज उठाना। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने मुख्यअतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें अपने अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भयभीत करना नहीं, बल्कि उन्हें सजग, आत्मविश्वासी एवं सुरक्षित भविष्य के लिए सक्षम बनाना है।

# सीएमके में प्रवेश के लिए पहले ही दिन काउंटरों पर छात्रों की लगी भीड़

- बीए, बीकॉम, बीबीए, बीएजेएमसी बीएससी बने पहली पसंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


सिरसा। सीएमके में प्रवेश प्रक्रिया भाग लेते विद्यार्थी।

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला। प्रवेश के पहले ही दिन महाविद्यालय परिसर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की भारी भीड़ से गुलजार रहा। बीए, बीकॉम, बीबीए, बीएजेएमसी (पत्रकारिता एवं जनसंचार, बीएससी मेडिकल तथा बीएससी नॉन-मेडिकल सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी सुबह से ही महाविद्यालय पहुंच गए। महाविद्यालय परिसर में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों का उत्साह इतना अधिक रहा कि उपलब्ध सीटों की तुलना में कहीं अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं प्रवेश के लिए पहुंचे। प्रवेश काउंटरों पर विद्यार्थियों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए अलग-अलग सहायता काउंटर स्थापित किए, जहां शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

### सीबीएसई सप्लीमेंट्री परीक्षा 28 को

**फतेहाबाद।** सीबीएसई की 28 जुलाई को आयोजित होने वाली सप्लीमेंट्री परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधीश डॉ. विवेक भारती ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेश परीक्षा समाप्त होने तक प्रभावी रहेंगे। जारी आदेशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों से 500 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार का हथियार लेकर जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वहीं, परीक्षा केंद्रों में किसी भी अनधिकृत व्यक्ति के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में फोटोस्टेट की दुकानें बंद रहेंगी तथा वाहनों की पार्किंग पर भी रोक रहेगी।

# फतेहाबाद में नशा तस्करों पर सख्त कार्रवाई के लिए एसपी का सम्मान

- गुरुनानकपुरा में चिट्टा बेचने वाली महिला की गिरफ्तारी समेत कई बड़े तस्करों पर कार्रवाई से संगठन ने जताया हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


फतेहाबाद। एसपी निकिता खट्टर को सम्मानित करते महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट एवं नशामुक्ति सेना के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

जिले में नशे के काले कारोबार की जड़ें उखाड़ने और युवा पीढ़ी को इस दलदल से बाहर निकालने के लिए युद्धस्तर पर जुटी सामाजिक संस्था महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट एवं नशामुक्ति सेना ने फतेहाबाद पुलिस की सख्त और सराहनीय कार्यप्रणाली का दिल खोलकर स्वागत किया है। गुरुवार को नशामुक्ति सेना के संस्थापक भवानी सिंह के नेतृत्व में संगठन के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर से मुलाकात की। इस दौरान टीम ने एसपी निकिता खट्टर को स्मृति चिन्ह भेंट कर और शॉल ओढ़ाकर विशेष रूप से सम्मानित किया। इस अवसर पर संगठन के सदस्य विनोद अरोड़ा, हरीश बंसल, ललित, महेन्द्र मास्टर, धर्मपाल चावला, गुरदीप अयाल्की, कृष्ण पारचा, कुलदीप हिजरावां, अशोक कम्बोज रत्ताटिब्बा, नरेश बनगांव, राजेश बिश्नोई, पवन बिश्नोई, मेवा सिंह, प्रमोद अहलीसदर, मदन भूना, चन्द्रभान मास्टर, मंगत मित्तल, कर्ण सरपंच, गुरचरण सिंह खोखर आदि रहे।

# सीडीएलयू ने जारी की विभिन्न पाठ्यक्रमों की पहली मेरिट सूची

- 25 जुलाई की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन फीस जमा करवाकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रथम मेरिट सूची जारी कर दी है। विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न एम.ए. एवं एमएससी. पाठ्यक्रमों के साथ-साथ व्यावसायिक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की मेरिट सूचियां भी जारी की गई हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने मेरिट सूची में शामिल सफल आवेदकों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित कार्य दिवसों में संबंधित विभाग में जाकर अपने मूल दस्तावेजों का सत्यापन करवाएं। दस्तावेज सत्यापन के बाद आवेदकों को 25 जुलाई 2026 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन फीस जमा करवाकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। निर्धारित समय सीमा तक फीस जमा नहीं करवाने वाले आवेदकों का प्रवेश दावा निरस्त माना जा सकता है। जारी मेरिट सूची के अनुसार, एमएससी. केमिस्ट्री में ऑल इंडिया (एआई) श्रेणी की कट ऑफ 99.04 से 78.83 प्रतिशत तथा हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी (एचओजीसी) में 77.90 से 52.20 प्रतिशत रही।

# वर्तमान में छात्रों के सामने तकनीक का सही उपयोग सबसे बड़ी चुनौती: रविंद्र

- स्वयं को रोजगार और जीवन की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना समय की सबसे बड़ी जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


सिरसा। डा. रविंद्र पुरी को स्मृति चिह्न भेंट करते दिशा के सचिव सुरेंद्र भाटिया।

आज के दौर में विद्यार्थियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल पढ़ाई नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीक का सही और सकारात्मक उपयोग करना है। जब हर व्यक्ति के हाथ में मोबाइल फोन है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), यूट्यूब तथा इंटरनेट जैसी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हैं, तब इन साधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करते हुए स्वयं को रोजगार और जीवन की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। यह विचार प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. रविंद्र पुरी ने दिशा संस्थान सिरसा में आयोजित मनोविज्ञान इंटर्नशिप कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। डॉ. पुरी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, यूट्यूब और इंटरनेट को विद्यार्थी अपना प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि अपना सहायक बनाएं। इनका सही उपयोग किया जाए तो सीखने की गति कई गुना बढ़ सकती है।

### खेलों में 70 टीमों ने दिखाई प्रतिभा

**चोपटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयदड़बा कलां में आयोजित नाथूसरी चौपटा खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता के चौथे दिन विभिन्न खेल स्पर्धाओं के फाइनल मुकाबले उत्साह एवं खेल भावना के साथ संपन्न हुए। प्रतियोगिता में खंड के लगभग 70 टीमों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आज के कार्यक्रम में ब्लॉक समिति नाथूसरी चौपटा के चेयरमैन सूरजभान बुमराह, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पोहडका के प्राचार्य सुरेश पूनिया तथा ब्लॉक समिति सदस्य सोनू मेहरा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम बताया तथा उन्हें भविष्य में जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के दौरान बैडमिंटन, शतरंज, योग, खो-खो, कबड्डी तथा एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की गई। एथलेटिक्स में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, रिले दौड़, लंबी कूद, ऊँची कूद, गोला फेंक एवं चक्का फेंक आदि प्रतियोगिताएं हुईं।


चौपटा। अतिथियों को स्मृति चिहन भेंट करते आयोजक।

### छात्रों पर लाठी चार्ज की कांग्रेस ने की निंदा

**डबवाली।** कांग्रेस कमेटी डबवाली शहरी की बैठक हुई जिसमें भाजपा सरकार द्वारा दिल्ली में छात्र आंदोलन को दबाने के लिए लाठीचार्ज व आंसू गैस छोड़े जाने तथा विपक्ष के नेता राहुल गांधी को धरना प्रदर्शन करने पर गिरफ्तार किए जाने की निंदा की गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक सुर में कहा कि भाजपा सरकार द्वारा पहले किसान आंदोलन के दौरान 750 किसानों की शहादत पर भी असंवेदनशील रवैया अपनाया और अब नीट का पेपर लीक होने के बाद भी करीब 21 छात्रों द्वारा अपनी जान की आहुति देने के बावजूद सरकार का रवैया बिल्कुल नकारात्मक है जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की गिरफ्तारी के बाद हरियाणा से दिल्ली को कूच करने वाले हरियाणा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने करने की भी निंदा की। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष पवन गर्ग, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि विजय वर्मा, गुरदीप कामरा, पूर्व पार्षद विनोद बांसल पूर्व पार्षद व पार्षद प्रतिनिधि रविंद्र बिंद्रु, पार्षद सुमित अनेजा आदि रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005

## गंदे पानी की निकासी से जूझ रहे लोगों को समस्या से मिलेगी राहत

# स्वामी नगर में सीवर डिस्पोजल का निर्माण कार्य शुरू

**पूर्व चेयरमैन भीमसेन चराईपौत्रा ने पूजा-अर्चना कर किया निर्माण का शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


फतेहाबाद। डिस्पोजल के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते अतिथिगण।

शहर के स्वामी नगर क्षेत्र में पिछले लंबे समय से गंदे पानी की निकासी और जलभराव की समस्या से जूझ रहे निवासियों के लिए राहत भरी खबर है। वार्ड नंबर 16 स्थित स्वामी नगर में सीवरेज के पानी की सुचारू निकासी के लिए सीवर डिस्पोजल का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। पूर्व चेयरमैन भीमसेन चराईपौत्रा ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद नारियल फोडक़र डिस्पोजल के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस शिलान्यास समारोह के अवसर पर पार्षद ज्ञान सिंह, सरपंच मनोहर लाल, डॉ. राजकुमार, देशराज, नीरज फौजी, मोनू वर्मा और संदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

### सड़कों और गलियों में जमा रहता था पानी

समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन भीमसेन चराईपौत्रा का स्वागत करते हुए वार्ड पार्षद ज्ञान सिंह ने क्षेत्र की समस्याओं को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि स्वामी नगर में सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त न होने के कारण लंबे समय से गंदे पानी की निकासी नहीं हो पा रही थी। गंदा पानी सड़कों और गलियों में जमा रहता था, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों का निकलना दूभर हो गया था। जलभराव के कारण क्षेत्र में संक्रामक बीमारियाँ फैलने का लगातार डर बना रहता था, जिससे नागरिक बेहद परेशान थे। पार्षद ज्ञान सिंह ने बताया कि स्वामी नगर के लोग इस विकट समस्या से निजात पाने के लिए पूर्व विधायक दुड़ाराम से मिले थे और उन्हें ज्ञापन सौंपकर स्थिति से अवगत कराया था। पूर्व विधायक ने जनहित की इस समस्या को प्राथमिकता पर लेते हुए राज्य सरकार और संबंधित विभाग से तुरंत बातचीत की तथा स्वामी नगर के लिए विशेष सीवर डिस्पोजल के निर्माण को मंजूरी दिलवाई। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक दुड़ाराम के सार्थक प्रयासों का ही परिणाम है कि आज इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास हुआ है। स्वामी नगर में नई सीवरेज लाइन बिछाने और इस डिस्पोजल का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद गंदे पानी की सुचारू निकासी संभव हो सकेगी।

### एक विद्यार्थी, एक पौधा के संकल्प के साथ किया पौधरोपण

**ओढां।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से एम.एम. मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ओढ़ां में पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया।इस अवसर पर डायरेक्टर गुलाब सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर सतनाम सिंह, प्रधानाचार्या सीमा बेनीवाल, प्रबंधन समिति सदस्य बीरबल दास, उप प्रधानाचार्या जसवीर कौर एवं कोऑर्डिनेटर्स संध्या श्योकंद, प्रियंका शर्मा, ममता गड़वाल, प्रमिला सोनी तथा किरणदीप कौर सहित विद्यालय के सभी प्रबंधन सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।